जिला कल्याण पदाधिकारी, भोजपुर

अनुसुचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के छात्र–छात्राओं के लिए बी०पी०एस०सी०,एस0एस0सी0,रेलवे, बैंकिंग,एवं अन्य प्रतियोगिता परीक्षाओं में चयनित होने के लिए परीक्षा पूर्व निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु आवेदन–पत्र का आमंत्रण।

अनुसुचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग, बिहार द्वारा संचालित अनुसुचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के छात्र–छात्राओं को विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षा के लिए प्रशिक्षण दिए जाने हेतु राज्य के प्राक् परीक्षा प्रशिक्षण केन्द्र, आरा में बी०पी०एस०सी०, एस0एस0सी0, रेलवे, बैंकिंग, एवं अन्य प्रतियोगिता परीक्षाओं में चयनित होने के लिए परीक्षा पूर्व निःशुल्क प्रशिक्षण (कोचिंग) प्रदान करने हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। प्राक् परीक्षा प्रशिक्षण केन्द्र पर 60–60 (कुल–120) छात्र छात्राओं के दो बैच (प्रशिक्षण अवधि–6 माह) संचालित किया जायेगा।

- छात्र–छात्राओं का चयन संबंधित विषय के **बहु–विकल्पीय लिखित परीक्षा** के उपरांत मेधा सूची के आधार पर किया जायेगा।
- आवेदन–पत्र प्राक् परीक्षा प्रशिक्षण केन्द्र, आरा **(स्थानः–स्नातकोत्तर अर्थशास्त्र विभाग, वीर कुवंर सिंह विद्यालय, आरा–802301)** के कार्यालय में जमा करें।

आवेदन हेतु महत्वपूर्ण तिथि :–

1. संबंधित प्राक् परीक्षा प्रशिक्षण केन्द्र हेतु आवेदन की अंतिम तिथि–30 / 12 / 2021
2. नामांकन परीक्षा की तिथि–03 / 01 / 2022
3. नामांकन की तिथि–05 / 01 / 2022 से 08 / 01 / 2022
4. प्रशिक्षण प्रारंभ होने की तिथि–10 / 01 / 2022

छात्र/छात्रा की पात्रता :–

- छात्र / छात्रा की आयु सीमा एवं न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता संबंधित कोर्स के अंतर्गत होने वाली प्रतियोगिता परीक्षा के लिए निर्धारित न्यूनतम अर्हता के अनुरूप होनी चाहिए।
- छात्र / छात्रा बिहार राज्य के स्थायी निवासी हो।
- **जाति**–अनुसुचित जाति एवं अनुसूचित जन जाति वर्ग के अन्तर्गत होनी चाहिए।
- नामांकित छात्र / छात्राओं को 75 प्रतिशत वर्ग में उपस्थित अनिवार्य है।
- नियमित छात्र / छात्राओं को सरकार द्वारा निर्धारित दर पर प्रोत्साहन राशि दी जायगी।
- छात्र / छात्रा अथवा उनके अभिभावक की अधिकतम वार्षिक आय अद्यतन सभी स्रोतों को मिलाकर रू०–2,50,000 / –होनी चाहिए।

आवेदन कैसे करें :–

विहित प्रपत्र में पूर्ण आवेदन जिला कल्याण पदाधिकारी, भोजपुर या निदेशक, प्राक् परीक्षा प्रशिक्षण केन्द, भोजपुर को निबंधित डाक / स्पीड पोस्ट के माध्यम से समर्पित किया जाना है या आवेदक स्वंय भी प्राक् परीक्षा प्रशिक्षण केन्द्र आरा (भोजपुर) के कार्यालय में अपना आवेदन–पत्र हाथों–हाथ जमा कर सकते हैं।

- आवेदन पत्र का विहित प्रारूप कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। एवं www.bhojpur.bih.nic.in पर आवेदन पत्र उपलब्ध है।
- आवेदन के साथ अपना सभी शैक्षणिक अंकपत्र, जाति, आय, निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड की छायाप्रति एवं 3 रंगीन फोटो संलग्न करना अनिवार्य है।

जिला कल्याण पदाधिकारी

PR. 09741 (Welfare) 2021-22

नशे से बनानी दूरी है, क्योंकि परिवार जरूरी है।